जयपुर (राजस्थान) से प्रकाशित एवं दिल्ली, महाराष्ट्र, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, हरियाणा, पंजाब, गुजरात, उत्तराखंड, छत्तीसगढ़, बिहार, हिमाचल प्रदेश और झारखण्ड राज्यों में प्रसारित

साप्ताहिक

(DAVP-CODE No. 120390) भारत सरकार का रजि. नं. 10311/1965


# हमारा वतन

देश का अपना अखबार

संस्थापित 1965

ہمارا وطن ہفت روزہ

www.hamarawatan.com



संस्थापक
स्व. श्री राजेन्द्र कुमार 'अजेय'
स्वतंत्रता सेनानी



संरक्षक
स्व. श्री बाबू लाल सैनी



सम्पादक
राम गोपाल सैनी

FOLLOW US:- Hamarawatan | Hamarawatan65 | Hamarawatan3 | YouTube Hamarawatan

वर्ष- 62 अंक-8 जयपुर, सोमवार, 23 फरवरी, 2026 वार्षिक शुल्क 200 रुपये (एक प्रति 4 रु.) पृष्ठ संख्या 4

## खाटू श्याम पदयात्रियों की सुविधा को लेकर जिला कलेक्टर के नाम सौंपा ज्ञापन

- संस्कार सृजन संस्था के कार्यकारी अध्यक्ष शेर सिंह कुमावत के नेतृत्व में सौंपा ज्ञापन
- जिला कलेक्टर और एनएचएआई प्रोजेक्ट डायरेक्टर को करवाया परेशानी से अवगत





**जयपुर (हमारा वतन)**

हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी फाल्गुन माह में बाबा श्याम का लक्खी मेला 21 फरवरी से 28 फरवरी 2026 तक आयोजित किया जाएगा। विभिन्न समाजसेवी लोगों और संस्थाओं द्वारा भंडारा लगाकर पद यात्रियों की सेवा की जाती है, जो सराहनीय रहती है। मेले के दौरान पद यात्रियों को विभिन्न प्रकार की परेशानियों का सामना करना पड़ता है। इसी को लेकर आज संस्कार सृजन संस्था चौमूं के कार्यकारी अध्यक्ष और पशु क्रूरता निवारण समिति जयपुर के सदस्य शेर सिंह कुमावत के नेतृत्व में अतिरिक्त जिला कलेक्टर मुकेश कुमार मूंड को विभिन्न मांगों को लेकर जिला कलेक्टर जयपुर के नाम ज्ञापन सौंपा। कार्यकारी अध्यक्ष शेर सिंह कुमावत ने बताया कि ज्ञापन में भंडारा आयोजकों द्वारा प्रचुर मात्रा में प्लास्टिक डिस्पोजल के उपयोग पर पाबंद करने, एनएच 52 पर पदयात्रियों के लिए बने क्षतिग्रस्त श्याम पथ को दुरुस्त करवाने, भंडारा आयोजकों को श्यामपथ की परिधि को छोड़कर ही टेंट लगाने की अनुमति देने, भंडारे के दौरान फैली गंदगी और कूड़े-कचरे के निस्तारण करने के लिए आयोजकों को पाबंद करने और श्याम पद यात्रियों के लिए चल शौचालय की व्यवस्था करवाने के लिए ज्ञापन सौंपा। शेर सिंह ने आगे बताया कि भंडारे के दौरान प्लास्टिक डिस्पोजल के उपयोग से पर्यावरण दूषित होता है और निराश्रित गोवंश कूड़ा कचरा खाकर अकाल मृत्यु का शिकार बनता है, इससे बचाया जा सकेगा। श्याम पथ के दुरुस्त होने से पद यात्रियों को सुगम और सुरक्षित पथ मिल सकेगा। श्याम पथ को छोड़कर भंडारा लगाने से सड़क हादसों में कमी के साथ-साथ नेशनल हाईवे पर वाहनों को रोड जाम से निजात मिलेगी। साथ ही कूड़ा कचरे का समय पर निस्तारण होने से श्याम पदयात्रियों और स्थानीय लोगों को स्वच्छ वातावरण उपलब्ध होगा। वहीं चल शौचालय की व्यवस्था होने से गंदगी नहीं फैलेगी और बाबा श्याम के प्रति धार्मिक आस्था बनी रहेगी। ज्ञापन में जिला कलेक्टर से संबंधित विभाग एनएचएआई, स्थानीय प्रशासन और भंडारा आयोजकों को तत्काल निर्देशित करने की मांग की गई। वहीं एनएचएआई प्रोजेक्ट डायरेक्टर अजय आर्य को टाटियावास टोल प्रशासन द्वारा बंद पड़ी रोड लाइटो को चालू करवाने, सड़क किनारे पड़े गड्ढों को भरवाने और पशु विचरण क्षेत्र के संकेतक लगाने सहित उपरोक्त मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन सौंपने के दौरान पशुपालन विभाग के संयुक्त निदेशक डॉक्टर हनुमान सहाय मीणा, लोकेश डेनवाल, विजय कुमावत सहित कई लोग मौजूद रहे।



### एनटीटी भर्ती 2018 मामले में सुप्रीम कोर्ट का नोटिस, राजस्थान सरकार से जवाब तलब

**जयपुर (हमारा वतन)।** एनटीटी भर्ती 2018 से जुड़े विवाद में बड़ा कानूनी मोड़ सामने आया है। सुप्रीम कोर्ट ने विष्णु कुमार व अन्य याचिका पर सुनवाई करते हुए राजस्थान सरकार को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है। मामला उत्तर प्रदेश के निजी कॉलेजों की मान्यता से जुड़ा है। एनटीटी संघर्ष समिति के प्रदेश महासचिव विष्णु शर्मा ने बताया कि एनटीटी भर्ती में कुछ अभ्यर्थियों ने आवेदन किया था जिनकी प्रशिक्षण उत्तर प्रदेश के निजी संस्थान से प्राप्त है। इस संस्थान की मान्यता एनसीटीई से प्राप्त है लेकिन उत्तर प्रदेश सरकार से मान्यता प्राप्त नहीं है। पाठ्यक्रम स्वयं के स्तर से ही संचालित कर रहा है। इसलिए इस संस्थान को भर्ती प्रक्रिया से बाहर करने की मांग को लेकर सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की गई है। सुप्रीम कोर्ट ने प्रारंभिक सुनवाई के दौरान राज्य सरकार और चयन बोर्ड व अन्य को विस्तृत जवाब दाखिल करने को कहा है। कोर्ट ने यह भी संकेत दिया कि दस्तावेजों और मान्यता संबंधी रिकॉर्ड के आधार पर आगे की कार्यवाई तय की जाएगी।

## कलांकित मिस, मिसेज, टीन इथिरियल राजस्थान इंटरनेशनल 2026 का क्राउन लॉन्च




**जयपुर (हमारा वतन)**

युवा युवतियों व महिलाओं को फैशन, मॉडलिंग,आर्ट, ज्वैलरी, टूरिज्म, एयर सर्विसेज, फिल्म टीवी की दुनिया में एक आत्मसम्मान के साथ नया स्थान दिलाने के लिए अपने आप में अब तक होते आए फैशन शोज से बिल्कुल अलग ढंग एक महत्वपूर्ण प्लेटफार्म पर आयोजित होने वाले कलांकित (ब्रिगिंग आर्ट अलाइव) मिस ईथरियल राजस्थान इंटरनेशनल, मिसेज राजस्थान इंटरनेशनल एवं टीन राजस्थान 2026 का एक पोस्टर एंड क्राउन लॉन्च होटल बेला कासा में किया गया।

मुख्य आयोजक बसंत जैन बैराठी ने बताया कि कार्यक्रम के मुख्य अतिथि आरएमसी स्विच गियर के अध्यक्ष अशोक अग्रवाल, राजस्थान कॉलेज ऑफ़ इंजीनियरिंग फॉर वूमंस के डायरेक्टर अरिहंत खींचा, पावर के निदेशक एके जैन ,पूर्व रिटायर्ड आईएफएस एवं प्रसिद्ध समाज सेवी अजय गुप्ता, ट्रिप फैक्ट्री के निर्देशक गणेश चौधरी सहित कई गणमान्य व्यक्तियों ने क्राउन व पोस्टर लॉन्च किया। मुख्य समन्वयक नरेंद्र उपाध्याय ने बताया कि अप्रैल में होने वाले फिनाले कार्यक्रम के लिए राजस्थान की रहने वाली या राजस्थान के बाहर की युवतियों ,महिलाओं व बच्चों के लिए यह एक फैशन की दुनिया में भाग लेने के लिए सुनहरा अवसर है। बसंत जैन ने आगे बताया कि यह कार्यक्रम एक बहुत बड़े स्तर पर आयोजित किया जाएगा। उसके पहले कई ऑडिशंस के माध्यम से 50 गर्ल्स का सेमीफाइनल के लिए ट्रेन किया जाएगा। उसमें से 30 को फाइनल के लिए सलेक्शन किया जाएगा। उन्हें फैशन के एक्सपर्ट्स द्वारा ग्रूमिंग और ट्रेनिंग दी जाएगी। जिससे वह अपना सर्वोत्तम प्रस्तुत कर सके। कार्यक्रम के विशेष सलाहकार अजय गुप्ता ने कार्यक्रम को वृहद तर पर करने एवं ग्रामीण प्रतिभाओं को आगे लाने के लिए विशेष प्रयास करने के कहा।

इस कार्यक्रम में 2025 की विनर निशा जांझड़िया ,ग्रूमिंग ट्रेनर पूर्व विनर वैष्णवी सुथार, शो की संयोजक स्वग्रही माओ, वन वर्ल्ड रियल स्टेट सॉल्यूशंस की सोनी मिश्रा ,प्रसिद्ध गायिका ममता शाह ,उदयपुर भीलवाड़ा, जोधपुर आदि शहरो से आए प्रतिभागी, शिक्षाविद जे पी शर्मा, संयोजक जिनेश जैन ,टीम मेम्बर नीरू सिद्धा सहित गणमान्य व्यक्ति व महिलाएं उपस्थित रही।

तीनों कैटेगरी में रजिस्ट्रेशन ई मेल - jainbasant02@gmail.com व मोबाइल नंबर 8114417253 पर कराए जा सकते है।

## असिस्टेंट प्रोफेसर बनने पर रामायणा एजुकेशन हब में हुआ सीताराम कुमावत का भव्य स्वागत

**चौमूं (हमारा वतन)।** चौमूं शहर के थाना मोड़ स्थित रामायणा एजुकेशन हब में आज कालाडेरा निवासी सीताराम कुमावत का आरपीएससी द्वारा आयोजित असिस्टेंट प्रोफेसर प्रतियोगी परीक्षा में ABST विषय में अंतिम रूप से चयन होने पर स्वागत सम्मान किया गया।




रामायणा एजुकेशन हब के डायरेक्टर कौशल कुमार योगी ने बताया कि सीताराम कुमावत शुरू से ही मेधावी छात्र रहे हैं और उन्होंने सेल्फ स्टडी करके यहां तक का मुकाम हासिल किया है। आज उनको माला, साफा पहनाकर सम्मान किया और मिठाई व केक खिलाकर उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी।

वहीं असिस्टेंट प्रोफेसर सीताराम कुमावत ने सम्मान करने पर सभी का आभार जताया और युवाओं को संदेश दिया कि असफलता से घबराएं नहीं अपनी गलतियों से सबक लेकर लक्ष्य बनाकर आगे बढ़ें सफलता जरूर मिलेगी। सफलता का कोई शॉर्टकट नहीं है।

स्वागत कार्यक्रम के दौरान फर्स्ट एजुकेशन के डायरेक्टर देवेंद्र, रितिक रोलानिया, रोहिताश स्वामी, मोनिका प्रिंटर्स के बजरंग जितरवाल ,इन्द्र वशिष्ठ, नेमीचंद सैनी, हिमांशु आर्यन, कंचन शर्मा, मीनाक्षी, खुशबू, रोशन, मोनिका, उषा, कोमल सहित कई लोग मौजूद रहे।



# कवि विनोद शर्मा वेणु को मिला मातृभाषा रत्न सम्मान

**बिहार (हमारा वतन)।** बिहार के सुप्रसिद्ध कवि, समाजसेवक विनोद शर्मा वेणु को नेपाल की राजधानी काठमांडू में मातृभाषा रत्न अंतर्राष्ट्रीय मानद उपाधि सम्मान से सम्मानित किया गया। यह सम्मान उन्हें अंतर्राष्ट्रीय मातृभाषा दिवस के अवसर पर ऑनलाइन प्लेटफार्म पर प्रदान किया गया। यह गरिमामयी सम्मान नेपाल की प्रतिष्ठित साहित्यिक संस्था शब्द प्रतिभा बहुक्षेत्रीय सम्मान फाउंडेशन नेपाल द्वारा प्रदान किया गया। समारोह का उद्देश्य नेपाल-भारत मैत्री विकास, देवनागरी लिपि के संरक्षण एवं संवर्धन, हिंदी-नेपाली जैसी मैत्री भाषाओं के वैश्विक प्रचार-प्रसार के साथ-साथ देश-विदेश के कवि, लेखक, साहित्यकार एवं शिक्षकों को अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर प्रोत्साहित करना रहा। विनोद शर्मा को उनके उल्लेखनीय साहित्यिक एवं सामाजिक योगदान के लिए प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। विनोद शर्मा के साथ ही चार देश की एक हजार प्रतिभाओं को सम्मानित किया गया है, जिसमें से 17 वर्ष की नव प्रतिभा से लेकर 86 वर्ष के अग्रजों का सम्मान किया गया है। विनोद शर्मा राजस्थान के चर्चित कवि, समाजसेवी एवं साहित्यिक संपादक हैं। उनकी कई एकल कृतियाँ प्रकाशित हो चुकी हैं तथा वर्तमान में वे दो साहित्यिक पत्रिकाओं का संपादन कर रहे हैं। वे विभिन्न साहित्यिक एवं सामाजिक संस्थाओं से सक्रिय रूप से जुड़े हुए हैं और इससे पूर्व भी उन्हें अनेक प्रतिष्ठित राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय सम्मान प्राप्त हो चुके हैं।



# फागोत्सव में राधा कृष्ण के साथ महिलाओं ने जमकर खेली फूलों से होली

## रॉयल क्लब और दिविषा फाउंडेशन ने किया आयोजन

**जयपुर (हमारा वतन)**

जैसे-जैसे होली का त्यौहार पास आता जा रहा है वैसे-वैसे लोग होली के रंग में रँगे नज़र आ रहे हैं। कोई गुलाल अबीर से होली खेल रहा है तो कोई फूलों से।

जी हाँ ! ऐसा ही नज़ारा गुलाबी नगर जयपुर स्थित होटल मैजिस्टिक में देखने को मिला जहाँ महिलाओं ने होली के गीतों के साथ जमकर फूलों से होली खेली। फागोत्सव का आयोजन रॉयल क्लब और दिविषा फाउंडेशन की ओर से किया गया। कार्यक्रम पूर्ण विधि विधान से पूजा अर्चना कर शुरू हुआ। कार्यक्रम में अतिथि सेलिब्रिटी सिंगर अपर्णा बाजपेई, वरिष्ठ अभिनेत्री और नृत्य गुरु उषा श्री, आकाशवाणी की पूर्व प्रोग्राम डायरेक्टर रेशमा खान और सिंगर अर्चना शर्मा ने शिरकत की। सभी अतिथियों का फाउंडर और अध्यक्ष आशा गुप्ता और मीना श्रीवास्तव ने पगड़ी और माला पहनाकर स्वागत किया। इसके अलावा अन्य अतिथियों का जी.के. श्रीवास्तव ने पगड़ी और माला पहनाकर स्वागत किया। सभी महिलाओं ने राधा कृष्ण के साथ जमकर फूलों की होली खेली।

इस दौरान क्लब की मेंबर योगिता तिवारी, माला सक्सेना, मधु अग्रवाल , रश्मि हीर चंदानी, नीलम शर्मा, रीटा शर्मा, विमला अग्रवाल, अनुपमा, लीला, भावना शर्मा, नेहा, विनीता आदि का विशेष सहयोग रहा।





# सरस लाडो मायरा योजना के तहत ग्राम घिनोई में भरा मायरा

**जयपुर (हमारा वतन)।** ग्राम पंचायत घिनोई में जयपुर डेयरी द्वारा चलाई जा रही सरस लाडो मायरा योजना अंतर्गत आज दुग्ध उत्पादक सुरेश खैरवाल के यहां दो बेटियों का विवाह में मायरा भरा। इस दौरान सरस डेयरी जयपुर की टीम के सदस्यों ने विधिवत तरीके से कलश पूजन कर पंडाल में प्रवेश किया। टीम में घिनोई के वरिष्ठ सचिव बंशीधर यादव, नई ढाणी समिति के सचिव और पशुधन सहायक रामचंद्र यादव, अणुनाबाढ समिति के सचिव भीमाराम यादव ने लड़की के पिता को राजस्थानी परंपरा अनुसार साफा बंधवाकर सम्मान किया। लड़की की माता को चुनरी और दोनों लड़कियों को कपड़े देकर सम्मान किया। साथ में 21000 रुपए की राशि का चेक दिया और 1100 रुपए का कन्यादान दिया।

सचिव रामचंद्र यादव ने उपस्थित लोगों को सरस लाडो मायरा की योजना के बारे में विस्तार से समझाया। जिस पर लोगों ने इस योजना की बहुत सराहना की। यादव ने बताया कि आने वाली 1 अप्रैल से इस योजना की चेक की राशि और बढ़ाई जाएगी। पूरे जिले में 600 प्लस और चौमूं जोन में 240 प्लस और घिनोई गांव में चौथा मायरा भरा गया है। इस कार्यक्रम में समिति के अध्यक्ष सहित अनेक लोग उपस्थित रहे।

# ऑर्किड द इंटरनेशनल स्कूल नेवता में हुआ वार्षिक खेल दिवस का आयोजन

**जयपुर (हमारा वतन)।** ऑर्किड द इंटरनेशनल स्कूल नेवता में 21 फरवरी को प्रातः 9:30 बजे वार्षिक खेल दिवस का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ मुख्य अतिथि द्रोणाचार्य पुरस्कार से सम्मानित अंतरराष्ट्रीय कबड्डी कोच हीरानंद कटारिया द्वारा मशाल प्रज्वलित कर किया गया। वर्ष 1993 में महाराणा प्रताप पुरस्कार तथा वर्ष 2006 में गुरु वशिष्ठ पुरस्कार से भी सम्मानित किया जा चुका है। कार्यक्रम के अंतर्गत विद्यार्थियों ने विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं में अत्यंत उत्साह एवं खेल भावना के साथ भाग लिया। पूरे आयोजन के दौरान प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया गया तथा अभिभावकों ने भी खिलाड़ियों का तालियों से हौसला बढ़ाया। अंत में विद्यालय के प्रधानाचार्या गीता ठाकुर ने विजयी विद्यार्थियों को पुरस्कार प्रदान किए और सभी प्रतिभागियों की सराहना करते हुए खेल महोत्सव के सफल आयोजन की घोषणा की। कार्यक्रम हर्षोल्लास एवं उमंग के साथ सम्पन्न हुआ।



# अमन सैनी प्रेसिडेंट इंटरनेशनल वेटरनरी स्टूडेंट्स एसोसिएशन जयपुर निर्वाचित

**जयपुर (हमारा वतन)।** पोस्ट ग्रेजुएट इंस्टिट्यूट ऑफ़ वेटरनरी एजुकेशन एंड रिसर्च के छात्र अमन सैनी को प्रेसिडेंट इंटरनेशनल वेटरनरी स्टूडेंट एसोसिएशन जयपुर निर्वाचित किया गया। उल्लेखनीय है कि अमन सैनी पूर्व में फाउंडर वाइस प्रेसिडेंट इंटरनेशनल वेटरनरी स्टूडेंट एसोसिएशन जयपुर रह चुके हैं।

शेखावाटी ग्रामीण क्षेत्र नवलगढ़ के रहने वाले हैं। वेटरनरी स्टूडेंट वेलफेयर को ध्यान में रखते हुए इंटरनेशनल वेटरनरी स्टूडेंट एक्सचेंज प्रोग्राम भी आयोजित कर चुके हैं। जयपुर काइट फेस्टिवल के दौरान अपनी टीम के साथ घायल पक्षियों का इलाज करने के लिए लगाए गए कैंप में अपनी टीम के साथ सेवाएं दे चुके हैं। समय-समय पर इंटरनेशनल वेटरनरी स्टूडेंट संगठन के लिए वर्चुअल सेमिनार भी आयोजित करते रहते हैं। इस खबर से उनके पैतृक गांव नवलगढ़ के निवासियों में खुशी की लहर दौड़ गई है और सभी ने उन्हें इस उपलब्धि के लिए शुभकामनाएं दी है।



# माधव (कविता)

माधव! आज सारी बातें तुमसे हैं
इस दुनिया से क्या शिकायत करूं
माधव तू सुन रहा है ना
माना है की कर्मों का फल है
जिससे एक महलों में है
तो दूसरा सड़कों पर है
जब से यह एपस्टीन फाइल आई
डर सा लगने लगा है माधव
लड़की पैदा ही क्यों किया
क्या गलती की होगी
जिससे नरसंहार हुआ
माधव आज सारी बातें तुमसे हैं
दुनिया से क्या बात करूं
उनको जीवन ही क्यों दिया
जिनका नरसंहार हुआ
क्या गलती की होगी जो
ऐसी सजा मिली
जिनके हृदय में पीड़ा है,वही समझता है
बाकी के लिए तो मज़ाक है माधव
कुछ तो करो माधव ऐसे कृत्य
देखे नहीं जाते
तुम सुन रहे हो ना माधव
माधव आज सारी बातें तुमसे हैं
दुनिया से क्या बात करूं



आरके गुर्जर, चौमूँ,जयपुर

# पर्यावरण मित्र अशोक पाल सिंह ने मनाया अन्तर्राष्ट्रीय मातृ भाषा दिवस

**उत्तराखण्ड (हमारा वतन)।** 21 फरवरी 2026 को राजकीय उ.मा.वि. बिझौली में अन्तर्राष्ट्रीय मातृ भाषा दिवस 'माँ का आँचल' के रूप में मनाया गया। कार्यक्रम के संयोजक भाषा शिक्षक-पर्यावरण मित्र अशोक पाल सिंह ने बच्चों को सम्बोधित करते हुए कहा कि इस दिवस का मुख्य उद्देश्य लुप्त होती भाषा को बचाया जा सके। बच्चे की प्रथम भाषा माँ से सीखी हुई भाषा है। मातृभाषा संस्कृति, संस्कारों, सभ्यता की वाहक होती है। हमारे देश भारत में भाषाओं की विविधिता पाई जाती है, जो हमें अपनी मिट्टी और विरासत से भावनात्मक रूप से जोडती है। मातृभाषा व्यक्ति के समग्र व्यक्तित्व, ज्ञान, पर्यावरण शिक्षा, सांस्कृतिक मूल्यों की वाहक होती है।

अन्तर्राष्ट्रीय मातृ भाषा दिवस 21 फरवरी 2026 की मुख्य थीम बहुभाषी शिक्षा भविष्य को आकार एवं युवाओं की भूमिका पर केन्द्रित है। शिव पूजन, मीरा, कबीर, सूरदास, तुलसी, निराला गौतम ने अपनी भाषा बोली में मातृभाषा की अलख जगाई।

माँ - शब्द मान-आदर-भावना से उत्पन्न हुआ है, जबकि मम्मी शब्द 'ममी' से लिया गया है जो एक मृत शरीर को संरक्षित करने वाला पिटारा होता है, हिन्दी में लक्ष्मी माता को माँ कहा जाता है। डेडी-मम्मी शब्द की उत्पत्ति बुद्धिजीव वर्ग की देने है Mummy और Dad शब्द का प्रयोग करना अच्छा समझा जाता है।

इस अवसर पर इलमा, फरीन, शबनम, सोनम, रुचिका, पायल, अंजना, खुशी, शिफा, गोपी, नबिया, तनवा, आर्राया, सदिक, आयन, रोहन, कृष्णा, पिंकी, जीतीन, प्रतिभा, राखी, सोनाली, शहिदा, शिवा, अंश आदि ने प्रतिभाग किया।




Khadi For Nation
खादी भारत
Khadi India
Khadi For Fashion

## जॉब्स

1. रेलवे आरआरसी WR, पद अप्रेंटिस, पद संख्या 5349, अंतिम तिथि 23 मार्च 2026
2. एम्स नॉर्सेट, पद नर्सिंग ऑफिसर, पद संख्या 3000, अंतिम तिथि 16 मार्च 2026
3. इंडियन आर्मी, पद अग्नि वीर, पद संख्या अघोषित, अंतिम तिथि 1 अप्रैल 2026
4. डीएसएसएसबी, पद विभिन्न, पद संख्या 911, अंतिम तिथि 25 मार्च 2026
5. रेलवे रिक्रूटमेंट बोर्ड, पद ग्रुप डी लेवल 1, पद संख्या 22000+, अंतिम तिथि 2 मार्च 2026
6. बीएसएनएल, पद सीनियर एग्जीक्यूटिव ट्रेनी, पद संख्या 120, अंतिम तिथि 7 मार्च 2026
7. यूपीएससी, पद असिस्टेंट कमांडेंट, पद संख्या 349, अंतिम तिथि 12 मार्च 2026
8. यंत्र इंडिया लिमिटेड, पद अप्रेंटिस, पद संख्या 3979, अंतिम तिथि 3 मार्च 2026

# इनफर्टिलिटी और थायरॉइड की समस्या दे सकता है प्लास्टिक की बोतल







डिस्पोजेबल प्लास्टिक की बोतलों से पानी पीती हैं या प्लास्टिक की बोतलें री यूज़ करती हैं या फिर बोतलों को घंटों तक गर्म होने के लिए कार में छोड़ देती हैं।इन सभी स्थितियों में प्लास्टिक की बोतल स्वास्थ्य पर बहुत बुरा प्रभाव डालती है।

पानी पीना स्वास्थ्य के लिए अच्छा है, लेकिन प्लास्टिक की बोतल से पानी पीना स्वास्थ्य के लिए अच्छा नहीं हो सकता है। इससे जुड़े कुछ खतरे भी हो सकते हैं। हममें से ज्यादातर लोग पानी पीने के लिए प्लास्टिक बोतलों का उपयोग करते हैं। इसे ऑफिस भी कैरी कर ले जाते हैं। यह हमारे स्वास्थ्य को प्रभावित कर सकता है।पर्यावरण को प्रभावित करने वाले प्लास्टिक प्रदूषण भी बढ़ा सकते हैं। पानी की प्लास्टिक बोतलें ज्यादातर एक बार से अधिक उपयोग में लायी जाती हैं। इन्हें री यूज़ किया जाता है और फेंका भी जाता है। इससे लैंडफिल में अधिक कचरा जुड़ता है और वाटर फ्लो भी अवरुद्ध हो जाता है। इस आलेख में जानते हैं प्लास्टिक की बोतल से पानी पीना कितना खतरनाक है।

**स्वास्थ्य पर नकारात्मक प्रभाव डालती हैं प्लास्टिक की बोतलें**–प्लास्टिक बायोडिग्रेडेबल नहीं है। इसलिए प्रतिदिन फेंकी जाने वाली प्लास्टिक की बोतल हमारे आसपास के वातावरण पर नकारात्मक प्रभाव डालती है। प्लास्टिक के टॉक्सिक प्रभाव और केमिकल के कारण प्लास्टिक की बोतलों में पानी रखने और पीने से स्वास्थ्य के लिए जोखिम हो सकता है। इस तरह की बोतल से लंबे समय तक पानी पीने से कई स्वास्थ्य समस्याएं हो सकती हैं। प्लास्टिक के बुरे प्रभाव से खुद को बचाने के लिए डिस्पोजेबल प्लास्टिक बोतल या दूसरे तरह के प्लास्टिक बोतल के उपयोग से बचना चाहिए। हमें अन्य विकल्पों पर स्विच करने की कोशिश करनी चाहिए।

**टॉक्सिक केमिकल**– डिस्पोजेबल या अन्य प्लास्टिक की बोतलें केमिकल पोल्शयून और टॉक्सिसिटी का कारण बन सकती हैं। सूरज की रोशनी और गर्मी के संपर्क में आने से प्लास्टिक से पानी में टॉक्सिक केमिकल निकल सकते हैं। इसका मतलब साफ़ है कि पानी की बोतलें खुली जगहों पर छोड़ने से वे गर्म हो सकती हैं। जब बोतलों को लंबे समय तक गर्म जगह पर छोड़ दिया जाता है, तो माइक्रोप्लास्टिक से कंटेमिनेटेड पाया जाता है ।

**क्या कहते हैं शोध** –हाल में जनवरी 2024 में प्रोसीडिंग्स ऑफ द नेशनल एकेडमी ऑफ साइंसेज में एक अध्ययन का निष्कर्ष प्रकाशित हुआ। इस अध्ययन में पाया गया कि औसतन एक लीटर बोतलबंद पानी में प्लास्टिक के लगभग 240,000 छोटे टुकड़े शामिल होते हैं। इनमें से लगभग 90% प्लास्टिक के टुकड़े नैनोप्लास्टिक के हो सकते हैं। स्टडी के अनुसार, चिंताजनक बात यह है कि कणों की कुल मात्रा पहले के अध्ययनों में देखी गई तुलना में 10 से 100 गुना अधिक थी, जो ज्यादातर बड़े माइक्रोप्लास्टिक्स पर केंद्रित थी।

**कई सौ केमिकल ऑब्जेक्ट्स** ।जर्नल ऑफ हैज़र्डस मटेरियल्स के 2022 के एक अध्ययन में, शोधकर्ताओं ने री यूज़ की गई प्लास्टिक की बोतलों में संग्रहीत नल के पानी का परीक्षण किया।

उन्होंने पाया कि इसमें कई सौ केमिकल ऑब्जेक्ट्स थे, जो मानव स्वास्थ्य के लिए खतरनाक हो सकते हैं।

# बॉलीवुड चटकारा




## मैं और अक्की हमेशा से....अक्षय कुमार के साथ अपने रिश्ते पर बोलीं रवीना टंडन, शिल्पा से हुई दोस्ती

***बॉलीवुड एक्ट्रेस रवीना टंडन ने हाल में अक्षय कुमार के साथ अपने रिश्ते पर बात की है। एक जमाना था जब दोनों रिलेशनशिप में थे। बुरे ब्रेकअप से गुजरे और अब खास है दोनों का रिश्ता। शिल्पा शेट्टी के बारे में भी की बात।***

एक जमाना था जब बॉलीवुड एक्ट्रेस अक्षय कुमार और रवीना टंडन के अफेयर की खबरें थीं। दोनों ने कुछ साल एक दूसरे को डेट किया। सगाई की और फिर दूसरी एक्ट्रेस की एंट्री के बाद ये रिश्ता टूट गया। रिपोर्ट के मुताबिक वो दूसरी एक्ट्रेस शिल्पा शेट्टी थीं। 90 के दशक की कई मैगज़ीन में इस तिकड़ी का ज़िक्र है। रवीना और शिल्पा ने खुलकर अक्षय संग रिश्ते पर बात कही थी। दोनों एक्ट्रेसेज ने एक दूसरे के खिलाफ भी बोला था। लेकिन अब ये तिकड़ी दोस्त बन गई है। रवीना ने हाल में दिए एक इंटरव्यू में कहा कि वो अक्षय की दोस्त हैं। शिल्पा के साथ भी अच्छा बांड शेयर करती हैं।

**ब्रेकअप का दर्द भुलाकर अब अक्षय की दोस्त हैं रवीना**–जूम के साथ बातचीत में रवीना टंडन ने अक्षय कुमार और शिल्पा शेट्टी के साथ अपने रिश्ते पर बात की। एक्ट्रेस ने कहा, 'मुझे लगता है कि हम सब अब दोस्त बन गए हैं। देखिए, हम सब छोटी उम्र में थे। हम सब एक ही इंडस्ट्री में हैं। इन सब चीजों से कौन नहीं गुजरा? कौन लिंक-अप, ब्रेक-अप, रिलेशनशिप से नहीं गुजरा, कौन नहीं गुजरा? आज अक्षय और मैं दोस्त हैं, शिल्पा और मैं दोस्त हैं। हम सब दोस्त हैं। हम उस दौर से आगे बढ़ चुके हैं। हम अपने परिवारों के लिए बहुत खुश हैं, हम अपने बच्चों के लिए बहुत खुश हैं'।

**अक्षय के साथ की फिल्म वेलकम 3** रवीना ने अक्षय के बारे में कहा, अक्षय और मैंने अभी वेलकम 3 खत्म की है और हमने अपनी पूरी टीम के साथ एन्जॉय किया। हम इस फिल्म के दौरान खूब हंसे, कितनी फनी फिल्म है। हमने एक दूसरे के साथ फिर से काम करना एन्जॉय किया। सुनो, आपको बड़ा और मिच्योर होना पड़ता है। हम एक दूसरे के लिए खुश हैं। अक्की और मैं हमेशा से अच्छे दोस्त हैं। पहले भी रवीना इस बारे में बात कर चुकी हैं।एक्ट्रेस ने कहा था कि वो आगे बढ़ चुकी हैं और उनके मन में कोई कुढ़न, जलन या नफरत नहीं है।

**90s में मशहूर था इनका अफेयर**

बता दें, 90 के दशक में अक्षय कुमार और रवीना टंडन का अफेयर सुर्खियों में रहा था। दोनों ने सगाई की थी जो बाद में टूट गई। इसके बाद एक्टर का नाम शिल्पा शेट्टी के साथ ही जुड़ा। दोनों ने भी कई साल एक दूसरे को डेट किया और फिर अलग हो गए। शिल्पा अपने इस टूटे हुए रिश्ते से मुश्किल से बाहर निकल पाई थीं। लेकिन अब दोनों एक्ट्रेस रिश्ते में आगे बढ़ चुकी हैं।



## 'अस्सी' सिर्फ एक फिल्म नहीं कड़वा सच है : श्रीलेखा मित्रा



**नई दिल्ली।** मशहूर निर्देशक अनुभव सिन्हा ने एक बार फिर फिल्म अस्सी के जरिए महिलाओं के साथ हो रही आपराधिक घटनाओं को उजागर किया है। हाल ही में फिल्म का प्रीमियर कोलकाता में रखा गया था, जहां पर अभिनेत्री श्रीलेखा मित्रा ने प्रतिक्रिया दी। उन्होंने बताया कि यह फिल्म सामाजिक मुद्दों पर आधारित है, जो महिलाओं के खिलाफ अत्याचार और समाज की वास्तविक स्थिति को उजागर करती है। उन्होंने कहा, फिल्म का नाम अस्सी इसलिए रखा गया है क्योंकि कहानी में जिस दिन लड़की के साथ अत्याचार हुआ था, उसी दिन 80 लड़कियों के साथ ऐसा हुआ था। फिल्म में भी सवाल उठाया गया है कि अगर एक दिन में 80 घटनाएं होती हैं, तो पूरे साल कितनी घटनाएं होंगी? उन्होंने आगे कहा, यह फिल्म हमें सोचने पर मजबूर करती है कि हमारा समाज सच में आगे बढ़ रहा है, पीछे जा रहा है, या बीच में ही ठहर गया है। आखिर में हम जा कहां रहे हैं? यह फिल्म बहुत विचारोत्तेजक है। यह हमारे सिस्टम पर सवाल उठाती है कि यह सब कहां से शुरू हुआ, कहां खत्म होगा, और बीच में क्या हो रहा है। अभिनेत्री ने एपस्टीन फाइल्स का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा, अभी हाल ही में एपस्टीन फाइल्स आई, जिसमें उन लोगों के नाम सामने आए, जिनका नाम हम सम्मान और इज्जत के साथ लेते हैं। दुनियाभर में पावरफुल और नामी लोगों के नाम इसमें शामिल हैं। पावर और पैसे के साथ बुराई का गहरा रिश्ता है। यह फिल्म भी उसी तरह सोचने पर मजबूर करती है। अभिनेत्री ने कहा, हमारे यहां डॉक्टर और इंजीनियर लाइन में खड़े हैं। डॉक्टर और शिक्षक भी मजबूरी में हैं। हमारे पास एक महान देश और महान राज्य है, लेकिन हालात ऐसे हैं कि सोचना पड़ता है कि हम कहां पहुंच गए हैं।

## लारा दत्ता ने महेश भूपति संग अपने रिश्ते को बताया 'आग और हवा' का मेल



अभिनेत्री लारा दत्ता पूर्व टेनिस प्लेयर महेश भूपति के साथ खुशहाल वैवाहिक जीवन जी रही हैं। सोमवार को कपल ने शादी के 15 साल पूरे कर लिए हैं। इस खास मौके पर लारा ने इंस्टाग्राम के जरिए पति महेश को शुभकामनाएं दीं। लारा ने महेश के साथ कुछ तस्वीरें पोस्ट कीं। इन तस्वीरों में दोनों एक दूसरे के साथ बहुत खुश और रोमांटिक नजर आ रहे हैं। लारा ने लिखा, 15 साल, मैं आग और वो हवा। मैं चिंगारी लगाती हूं, तो वे उसे और भड़का देते हैं, और हैरानी की बात ये है कि अब तक हमने घर नहीं जलाया। अभिनेत्री ने आगे लिखा कि इतने सालों में दोनों ने एक-दूसरे को प्रोफेशनल तरीके से परेशान करना, ऐसे लड़ना जैसे कोई खेल हो, यह दिखाना कि हम बिल्कुल भी प्रतिस्पर्धी नहीं हैं, और फिर भी हर दिन एक-दूसरे को ही चुनना सीखा है। अभिनेत्री की पोस्ट फैंस और उनके दोस्तों को काफी पसंद आ रही है। कई यूजर्स उनके मजाकिया अंदाज को काफी पसंद कर रहे हैं। अभिनेता गजराव ने हार्ट इमोजी के साथ शानदार प्रतिक्रिया दी। अभिनेत्री लारा दत्ता और महेश भूपति की पहली मुलाकात एंटरटेन्मेंट और स्पोर्ट्स को लेकर एक बिजनेस मीटिंग के दौरान हुई थी। काम के सिलसिले में दोनों के बीच दोस्ती हुई थी और धीरे-धीरे दोस्ती प्यार में बदल गई। 9 साल तक एक-दूसरे को डेट करने के बाद दोनों ने पहले 16 फरवरी 2011 को सिविल मैरिज की और उसके बाद गोवा में क्रिश्चियन रस्मों के साथ शादी की। इस जोड़े की एक बेटी सायरा भूपति है। अभिनेत्री लारा जल्द ही फिल्म वेलकम के तीसरे पार्ट वेलकम टू द जंगल में नजर आएंगी।

**हमारा वतन**
खबरों, विज्ञापन एवं सदस्यता के लिए सम्पर्क करें ।
Email- hamarawatan65@gmail.com 9214996258 7014468512

**अति आवश्यक सूचना**

पाठकों व विज्ञापनदाताओं से निवेदन है कि जिनका सालाना सदस्यता शुल्क व विज्ञापनों का भुगतान नहीं हो पाया है वे अपना शुल्क 'हमारा वतन के नाम से खाता संख्या 61079058819' एसबीआई (IFSC Code- SBIN0004227) में या 9214996258 पर फोन-पे, पेटीएम, गुगल-पे पर जमा कराकर सूचित करें।

- सम्पादक

पुनीत प्रतिष्ठा में :-

क्या ख़ाक़ लिखे कोई, बरगश्ता ज़माना है,
कांटों पै भी चलना है, दामन भी बचाना है।

## सम्पादकीय.....

# तंत्र में लोक को प्रतिष्ठित कीजिए

हमने जिस प्रशासनिक और लोकतांत्रिक व्यवस्था को अपनाया है, उसमें तंत्र की जवाबदेही लोक के प्रति है। हम चाहे जितना भी गर्व करें, लेकिन तंत्र की जवाबदेही के केंद्र में लोक की बजाय अभिजात्य है। यही वजह है कि संकट के क्षणों में हमारे तंत्र को लोक के प्रति जैसी त्वरित भूमिका निभानी चाहिए, वह निभाता नहीं दिखता। लेकिन यदि इसी तंत्र को पता चले कि लोक के बीच कोई अभिजात्य पहचान, महत्वपूर्ण नेता, उद्योगपति, सेलिब्रिटी आदि भी संकटग्रस्त है, हमारे तंत्र की प्रतिक्रिया त्वरित और गहन होती है। तंत्र की सोच की यह खोट ही है कि संकटग्रस्त आम आदमी के लिए त्वरित प्रतिक्रियाएं अपवादस्वरूप ही दिखती हैं। ऑर्ट ऑफ द स्टेट सिटी के रूप में विकसित हो रहे नोएडा में इंजीनियर युवराज के लापरवाही और प्रशासनिक


राम गोपाल सैनी

भ्रष्टाचार के मेल से खोदे गए गहरे गड्ढे में डूबने से हुई मौत हो या फिर राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली के ठीक बीच में जलनिगम के गड्ढे में गिरने से हुई कमल की मौत, भ्रष्टाचार और लापरवाही ही नहीं, तंत्र की सोच को भी जाहिर करती है। एक मिनट के लिए कल्पना कीजिए कि नोएडा में गड्ढे में गिरे युवराज की जगह कोई आधुनिक शब्दावली में कहें तो किसी वीआईपी का बेटा होता, सेलिब्रिटी होता या फिर किसी महत्वपूर्ण राजनीतिक हस्ती का पारिवारिक होता तो क्या तंत्र उसी तरह खड़ा रहता, जिस तरह खड़ा रहा और युवराज डूब जाता। कुछ इसी अंदाज में एक बारगी सोचिए कि क्या दिल्ली के बीच में जलनिगम के लिए खोदे गए गड्ढे में गिरे कमल की जगह कोई नेता पुत्र होता, किसी बड़े प्रशासनिक अधिकारी का बेटा होता या फिर किसी बड़े कारोबारी का बच्चा होता तो क्या पुलिस उसी तरह की प्रतिक्रिया करती, जैसा उसने इस मामले में किया। कमल के घर वालों ने देर रात ही पुलिस से संपर्क करने की कोशिश की थी।

# नाबार्ड के सहयोग से जागृति संस्थान द्वारा 3 दिवसीय CAT एक्सपोज़र विज़िट सफलतापूर्वक संपन्न

**जयपुर (हमारा वतन)**

National Bank for Agriculture and Rural Development (नाबार्ड) के सहयोग से Jagrati Sansthan द्वारा 12 से 14 फरवरी 2026 तक आयोजित कैपेसिटी बिल्डिंग फॉर एडॉप्शन ऑफ टेक्नोलॉजी (CAT) एक्सपोज़र विज़िट कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। इस तीन दिवसीय प्रशिक्षण में अजमेर जिले के कुल 25 किसानों ने सक्रिय भागीदारी की।




प्रशिक्षण का आयोजन Fragrance & Flavour Development Centre (FFDC), कन्नौज (उ.प्र.) में किया गया, जहाँ किसानों को सुगंधित एवं औषधीय फसलों, विशेषकर गुलाब की वैज्ञानिक खेती, डिस्टिलेशन तकनीक, आवश्यक तेल निष्कर्षण, गुलाब जल, गुलकंद, अत्तर एवं रोज़ ऑयल निर्माण, पैकेजिंग, ब्रांडिंग तथा राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय बाजार की संभावनाओं की विस्तृत जानकारी दी गई।

प्रशिक्षण के उपरांत किसानों ने अपने अनुभव साझा करते हुए बताया कि यह कार्यक्रम उनके लिए अत्यंत ज्ञानवर्धक और प्रेरणादायक रहा। किसानों ने कहा कि उन्हें पहली बार सुगंधित फसलों के वैज्ञानिक प्रसंस्करण की प्रत्यक्ष जानकारी मिली। मूल्य संवर्धन और बाजार से सीधा जुड़ाव आय वृद्धि का मजबूत माध्यम बन सकता है। वे अपने क्षेत्र में गुलाब एवं अन्य सुगंधित फसलों की खेती प्रारंभ करने के लिए उत्साहित हैं। किसानों ने जागृति संस्थान एवं नाबार्ड के प्रति आभार व्यक्त करते हुए ऐसे और कार्यक्रम आयोजित करने की मांग की।

नाबार्ड अजमेर की जिला विकास प्रबंधक (DDM) ने अपने संदेश में कहा कि जागृति संस्थान ग्रामीण क्षेत्रों में किसानों को संगठित कर उन्हें तकनीक, प्रशिक्षण और बाजार से जोड़ने का सराहनीय कार्य कर रहा है। उन्होंने कहा कि ऐसे e×posure कार्यक्रम किसानों को पारंपरिक खेती से आगे बढ़कर मूल्य संवर्धन और उद्यमिता की दिशा में प्रेरित करते हैं। उन्होंने यह भी उल्लेख किया कि जागृति संस्थान की प्रतिबद्धता, जमीनी कार्यशैली और किसानों के साथ निरंतर संवाद ही इस कार्यक्रम की सफलता का मुख्य आधार है।

जागृति संस्थान ने भविष्य में भी किसानों के लिए आधुनिक तकनीक, नवाचार एवं बाजार उन्मुख प्रशिक्षण कार्यक्रमों का आयोजन जारी रखने का संकल्प दोहराया, ताकि किसान आत्मनिर्भर बनकर अपनी आय में वृद्धि कर सकें और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सशक्त बना सकें। यह कार्यक्रम किसानों के लिए केवल एक प्रशिक्षण नहीं, बल्कि सीख से समृद्धि की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम सिद्ध हुआ।

# कक्षा 1 के छात्र गोलू पुरी ने 500 पौधे लगाकर दिया पर्यावरण संरक्षण का सन्देश

**उत्तराखंड (हमारा वतन)।** जहाँ आज की पीढ़ी मोबाइल और खेलों में व्यस्त नजर आती है, वहीं राजकीय प्राथमिक विद्यालय मजकोट में अध्ययनरत ग्राम- मजकोट, जिला- बागेश्वर, उत्तराखंड कक्षा 1 के छात्र 7 वर्षीय गोलू पुरी ने पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में ऐसा उदाहरण प्रस्तुत किया है, जो पूरे देश के लिए प्रेरणादायक बन गया है। सोशल मीडिया पर 'एनवायरमेंट हीरो' के नाम से प्रसिद्ध गोलू पुरी पांच वर्ष की उम्र से ही और पिछले दो वर्षों से पर्यावरण संरक्षण के लिए निरंतर कार्य कर रहा है।



इनके पिताजी मदन पुरी ने बताया कि परिवार के सहयोग से गोलू पुरी अब तक 500 से अधिक पौधों का रोपण कर चुका है । वह न केवल पौधे लगाता है, बल्कि उनकी देखभाल और लोगों को पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक करने का कार्य भी करता है। उसके इन प्रयासों को सोशल मीडिया पर लाखों लोगों ने सराहा है, जिससे वे देश-विदेश में पहचान बना चुका है। गोलू पुरी ने कहा कि पेड़-पौधे हमारे जीवन का आधार हैं और इन्हें बचाना हम सभी की जिम्मेदारी है। उनकी सोच और कार्यशैली ने यह साबित कर दिया है कि उम्र कभी भी बड़े बदलाव की राह में बाधा नहीं बनती।

# महाशिवरात्रि पर नर्बदेश्वर महादेव के पूजन को उमड़ा जन सैलाब

**चौमूं (हमारा वतन)।** चौमूं शहर के एनएच 52, सामोद पुलिया के पास स्थित श्री माँ वैष्णो देवी मंदिर में विराजमान नर्बदेश्वर महादेव के दर्शन और पूजन को लेकर महाशिवरात्रि के पर्व पर लोगों का सैलाब उमड़ पड़ा।

मंदिर महंत कैलाश भगत ने बताया कि आज महाशिवरात्रि के पर्व पर बाबा भोलेनाथ की विशेष झांकी सजाई गई। माता रानी का भी भव्य श्रृंगार किया गया। बाबा को पंचामृत से स्नान करवाया गया। जिन महिलाओं की नई-नई शादी हुई है और गोद भराई हुई है उन्होंने गठजोड़े के साथ जैघड चढ़ाई। साथ ही श्रद्धालुओं ने बाबा के बिल्व पत्र, फल, फूल सहित कई वस्तुएं चढ़ाकर बाबा के दर्शन कर आशीर्वाद लिया।



जल्द ही मंदिर में बाबा श्याम का दसवां फागोत्सव मनाया जाएगा। इसमें छप्पन भोग की झांकी, 108 कलर्स की झांकी, 108 फलों की झांकी और 21 कलाकारों द्वारा बाबा श्याम का फाग मनाया जाएगा। इस कार्यक्रम में सभी भक्त लोगों के पधारने की अपील महंत कैलाश भगत ने की।




# राजौसी जीएसएस में गोदाम निर्माण की स्वीकृति आज ही जारी होगी: सहकारिता राज्य मंत्री

जयपुर(नि.सं.)। सहकारिता राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) गौतम कुमार ने शुक्रवार को विधानसभा में कहा कि विधान सभा क्षेत्र नसीराबाद की ग्राम सेवा सहकारी समिति (जीएसएस), राजौसी में गोदाम निर्माण के लिए विभाग को प्रस्ताव प्राप्त हुआ है। यहां गोदाम निर्माण के लिए आवश्यक भूमि उपलब्ध है। उन्होंने आश्वस्त किया कि गोदाम निर्माण की स्वीकृति विभाग द्वारा आज ही जारी कर दी जाएगी। उन्होंने बताया कि विधान सभा क्षेत्र नसीराबाद में कुल 5 ग्राम सेवा सहकारी समितियां संचालित हैं। इनमें से 4 समितियों के पास गोदाम निर्माण के लिए आवश्यक भूमि उपलब्ध नहीं होने से गोदाम निर्माण किया जाना संभव नहीं है। सहकारिता मंत्री प्रश्नकाल के दौरान विधायक रामस्वरूप लाम्बा द्वारा इस संबंध में पूछे गए पूरक प्रश्नों का जवाब दे रही थे। उन्होंने कहा कि किसी भी ग्राम सेवा सहकारी समिति में गोदाम निर्माण के लिए भूमि की उपलब्धता होना आवश्यक है। नियमानुसार वैध स्वामित्व वाली भूमि उपलब्ध होने एवं संबंधित प्रबंध निदेशक, केन्द्रीय सहकारी बैंक अथवा उप रजिस्ट्रार, सहकारी समिति की अनुशंसा सहित प्रस्ताव प्राप्त होने पर उपलब्ध बजट के आधार पर गोदाम निर्माण की स्वीकृति पर विचार किया जाता है। इससे पहले सदस्य के मूल प्रश्न के लिखित जवाब में सहकारिता मंत्री ने बताया कि विधानसभा क्षेत्र नसीराबाद में कोई भी ग्राम सेवा सहकारी समिति किराये के भवनों में संचालित नहीं है।

विधान सभा क्षेत्र नसीराबाद में 05 ग्राम सेवा सहकारी समितियों के गोदाम बने हुए नहीं हैं। विधानसभा क्षेत्र नसीराबाद में गोदाम विहीन समितियों का विवरण उन्होंने सदन के पटल पर रखा।

RNI No. 10311/1965
स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक, सम्पादक राम गोपाल सैनी के लिए उदय प्रिन्टर्स 43 ए, माली कॉलोनी, चांदपोल बाहर, जयपुर से मुद्रित तथा वार्ड नं.1, सामोद रोड़ नीमड़ी, ग्राम-मोरीजा, तहसील-चौमूँ, जिला-जयपुर से प्रकाशित , मो. 9214996258, 7014468512
उप सम्पादकः सुरेन्द्र कुमार सैनी
E mail-hamarawatan65@gmail.com
प्रबंध सम्पादक : वली मोहम्मद कुरैशी, मो. 9929610759
सभी प्रकार के वाद-विवादों का न्याय क्षेत्र चौमूं शहर होगा।